पेज थ्री देहरादून
देहरादून, शुक्रवार, 20 मई 2022


# हमारा दून



यूएलडीबी मिशन के प्रस्तुतिकरण की समीक्षा करते हुए पशुपालन मंत्री।

## संक्षिप्त समाचार

### 1 जून से 06 जुलाई तक समस्त विद्यालयों में ग्रीष्म अवकाश घोषित

**संवाददाता** देहरादून। महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड बंशीधर तिवारी ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2022–23 में 01 जून, 2022 से 06 जुलाई, 2022 तक समस्त प्राथमिक/माध्यमिक विद्यालयों में ग्रीष्म अवकाश रहेगा। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि दिनांक 31 मई, 2022 को अंतर्राष्ट्रीय तम्बाकू निषेध दिवस पर कक्षा 6 से 12 तक अध्ययनरत छात्र–छात्राओं एवं समस्त शिक्षकों द्वारा तम्बाकू निषेध सम्बन्धी शपथ भी ली जायेगी। महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड बंशीधर तिवारी ने बताया कि 31 मई, 2022 तक सभी विद्यालय विधिवत संचालित होंगे।

### संवाद ही समाधान है, संवेदनशील मुद्दे सम्मान से, सद्भाव से सुलझाये

**संवाददाता** ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने ज्ञानवापी मस्जिद के सर्वे से जुड़ी रिपोर्ट और माननीय वाराणसी कोर्ट, स्पेशल असिस्टेंट कमिश्नर, स्पेशल एडवोकेट कमिश्नर, सिविल जज सीनियर डिविजन सभी के आभार व्यक्त करते हुये कहा कि माननीय सुप्रीम कोर्ट और भारत के संविधान पर सभी का पूर्ण विश्वास है क्योंकि संविधान ही समाधान है। मुझे विश्वास है कि माननीय सुप्रीम कोर्ट का कल जो भी निर्णय होगा वह सभी के हित में होगा देश के हित में होगा।

### ग्लांस ने सबसे बड़ा इंटरैक्टिव फेस्टिवल किया लॉन्च

**संवाददाता** देहरादून। दुनिया का अग्रणी लॉक स्क्रीन प्लेटफॉर्म ग्लांस यूजर्स के लिए ग्लांस लाईव फेस्ट लेकर आया है यह लॉक स्क्रीन पर लाईव इंटरैक्टिव अनुभवों के लिए भारत का सबसे बड़ा डिजिटल कार्निवल है इस तीन दिवसीय भव्य आयोजन में 70 मिलियन से ज्यादा यूजर्स को मनोरंजन, गेमिंग, और शॉपिंग जगत से भारत की शीर्ष सेलिब्रिटीज और क्रिएटर्स के लाईव, इंटरैक्टिव और ट्रांजैक्शनल कंटेंट का अनुभव मिलेगा।

### कोलगेट का लेटेस्ट कैम्पेन दांत स्ट्राँग तो मैं स्ट्राँग लॉन्च

**संवाददाता** देहरादून। ओरल केयर में मार्केट लीडर, कोलगेट–पामोलिव (इंडिया) लिमिटेड ने अपने लेटेस्ट कैम्पेन, 'दांत स्ट्राँग तो मैं स्ट्राँग' के साथ भारत के सबसे बड़े टूथपेस्ट ब्रांड–कोलगेट स्ट्राँग टीथ की नई पहचान प्रस्तुत की है। इस नए कैम्पेन के बारे में अरविंद चिंतामणि, वीपी, मार्केटिंग, कोलगेट–पामोलिव इंडिया ने कहा, "हम भारतीय खाने को अच्छी तरह से चबाने के महत्व को अच्छी तरह जानते हैं और बचपन में हमारे माता–पिता निगलने से पहले खाने को 36 बार चबाने के बारे में हमें कहते रहे हैं।

# सरकार सुरक्षित चार धाम एवं हेमकुण्ड साहिब यात्रा के लिए प्रतिबद्ध: सीएम

**शुभकामनाएं**

- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (से.नि) श्री गुरमीत सिंह मत्था टेकने के बाद कीर्तन में शामिल हुए
- श्री हेमकुंड साहिब के लिए गुरुद्वारा ऋषिकेश से संगत रवाना

**मुख्यमंत्री, प्रेमचंद अग्रवाल गुरुवाणी पाठ में शामिल हुए और गुरुद्वारा में मत्था टेका**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि चार धाम हेमकुंड साहिब के अलावा कुमाऊं क्षेत्र और गढ़वाल क्षेत्र के अन्य धार्मिक स्थानों का भी सर्किट विकसित किए जाएं।



**संवाददाता**

देहरादून। श्री हेमकुंड साहिब के कपाट 22 मई को खुल रहे हैं। गुरूवार को ऋषिकेश स्थित गुरूद्वारा से हेमकुंड साहिब के लिए संगतो को रवाना किया गया। गुरूद्वारा परिसर ऋषिकेश में यात्रियों के रजिस्ट्रेशन शुरू हुए। इस अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (से.नि) गुरमीत सिंह व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ऋषिकेश पहुंचे। उन्होंने गुरूद्वारा में मत्था टेका और गुरूवाणी पाठ में शामिल हुए।

लक्ष्मण झूला रोड पर स्थित हेमकुंड साहिब गुरुद्वारा मैनेजमेंट ट्रस्ट ने अतिथियों का स्वागत किया गया। श्री हेमकुंड यात्रा हेतु व्यापक तैयारियां की गयी है। कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, ऋषिकेश मेयर अनिता ममगाई भी गुरूवाणी पाठ में शामिल हुए तथा गुरुद्वारा ऋषिकेश में मत्था टेका। इस अवसर पर बडी संख्या में सिक्ख संगत जत्थे मौजूद रहे।

इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी संगतों को हेमकुंड साहिब यात्रा की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वैसे तो वह कई बार इस यात्रा के प्रारंभ होने के मौके पर आते रहे हैं लेकिन यह पहला मौका है जब वे बतौर मुख्य सेवक के रूप में शामिल हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिना गुरुकृपा के कुछ भी नहीं होता। प्रदेश में चार धाम यात्रा के साथ ही हेमकुण्ड यात्रा शुरू हो रही है। इस बार पिछले सालों की तुलना में कई गुना अधिक यात्री चार धाम यात्रा में पहुंचे हैं, सरकार सुरक्षित चार धाम एवं हेमकुण्ड साहिब यात्रा के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार का संकल्प है कि प्रदेश में आने वाले हर एक श्रद्धालु सुरक्षित आए और दर्शन करके सुरक्षित वापस लौटे।

मुख्यमंत्री ने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह करते हुए कहा कि जिन श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य संबंधी कुछ परेशानी हो रही हो, डॉक्टर की सलाह के बिना यात्रा न करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केदारनाथ धाम का भव्य पुनर्निर्माण कार्य हुआ है। अब बदरीनाथ धाम का काम जारी है। उन्होंने कहा कि बनारस में काशी विश्वनाथ हो या अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण, ये सब प्रधानमंत्री जी के दृढ़ संकल्प और आस्था का ही परिणाम है कि इन सभी मंदिरों का भव्य और दिव्य स्वरूप देश दुनिया के सामने दिख रहा है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ही सहयोग से हेमकुंड साहिब यात्रा मार्ग पर रोपवे बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि पर्यटन को आर्थिकी का मजबूत स्रोत बनाने के लिए प्रदेश में होम स्टे मॉडल को विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में अब तक लगभग 3600 होम स्टे रजिस्टर्ड हो चुके हैं।

हेमकुंड मैनेजमेंट ट्रस्ट के उपाध्यक्ष नरेन्द्रजीत सिंह विंद्रा ने राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री का आभार जताया।

# दर्शन करने आ रहे तीर्थ यात्रियों को कोई असुविधा न हो

**बैठक**

- सीएस ने केदारनाथ में चल रहे निर्माण कार्यों का अधिकारियों के साथ किया स्थलीय निरीक्षण

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने गुरुवार को श्री केदारनाथ में चल रहे निर्माण कार्यों का संबंधित अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया।

मुख्य सचिव ने निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्देश दिए कि केदारपुरी में जो भी निर्माण कार्य किए जा रहे हैं, उन कार्यों में तेजी के साथ गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें।



उन्होंने कहा कि श्री केदारनाथ में यात्रियों की सुविधाओं के दृष्टिगत हर संभव व्यवस्थाएं की जाएं। केदारनाथ धाम में जो भी निर्माण कार्य किए जा रहे हैं, उन कार्यों से केदारनाथ धाम में दर्शन करने आ रहे तीर्थ यात्रियों को कोई असुविधा न हो, इसके लिए निर्माण सामग्री को सुव्यवस्थित ढंग से रखने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने तीर्थ पुरोहितों हेतु बनाये जा रहे आवासीय भवनों का निर्माण कार्य को शीर्ष प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी, तीर्थ पुरोहितों के साथ समन्वय कर धाम के विकास कार्यों में और अधिक गति लाएं। मुख्य सचिव द्वारा चिकित्सालय कंट्रोल सेंटर, संगमघाट, मंदिर समिति का प्रशासनिक भवन, आस्थापथ आदि निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया। मुख्य सचिव ने केदारनाथ धाम में बनाये जा रहे वाटर एटीएम के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश कार्यदायी संस्था को दिए। निरीक्षण के बाद मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने श्री केदारनाथ के दर्शन कर पूजा–अर्चना की तथा प्रदेश की प्रगति एवं खुशहाली के लिए प्रार्थना की।

इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार, सचिव पर्यटन दिलीप जावलकर, जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग मयूर दीक्षित, पुलिस अधीक्षक रूद्रप्रयाग आयुष अग्रवाल, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी केदारनाथ योगेंद्र सिंह मौजूद थे।

### पशुपालन मंत्री ने यूएलडीबी मिशन के प्रस्तुतिकरण की समीक्षा

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश के पशुपालन/दुग्ध विकास एवं मत्स्य पालन/गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग/कौशल विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा द्वारा विधानसभा स्थित सभा कक्ष में पशुपालन विभाग के अंतर्गत यूएलडीबी मिशन के प्रस्तुतिकरण की समीक्षा की। मंत्री ने बताया कि उत्तराखण्ड में स्टेट लाइव स्टॉक मिशन नहीं होने के कारण राज्य को पशुधन के संबंध में विभिन्न परेशानियों का सामना करना पड़ता है क्योंकि राज्य पूरी तरह से केन्द्र सरकार पर निर्भर है। मंत्री ने कहा कि पूर्व में विभागीय अधिकारियों को स्टेट लाइव स्टॉक मिशन का प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिये गये थे ताकि तैयार प्रस्ताव को कैबिनेट में प्रस्तुत किया जा सके। उन्होने कहा कि राज्य में स्टेट लाइव स्टॉक मिशन के लागू होने से पशुधन की बेहतर देखभाल के साथ–साथ राज्य की आय में वृद्धि हो सकेगी।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।